(ग) सरगुजा जिले की दस्कर कोयला खान में, जिसका सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है, कब तक कार्य प्रारम्भ हो जाएगा ; और

(घ) उक्त जिले की राजापुर कोयला खान में उत्खनन कार्य कब से प्रारम्भ किये जाने की संम्भावना है ; और यदि नहीं, तो इस खान में विलम्ब से उत्खनन के क्या कारण हैं ?

ऊर्जा मंत्री (श्री दसंत साठे) : (क) से (घ) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जाएगी ।

कोयला खानें का मशीनीकरण

85. **श्री प्यारेलाल खंडेलवाल** : क्या **ऊर्जा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि मध्य प्रदेश की किन-किन कोयला खानों में मशीनीकरण प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है और इसके परिणामस्वरूप इन खानों में कार्यरत कितने श्रमिक और कर्मचारी बे-रोजगार हो जाएंगे ?

ऊर्जा मंत्री (श्री दसंत साठे) : मध्य प्रदेश के कोयला क्षेत्रों में जिन कोयला परियोजनाओं की कोयला खानों में यंत्रीकरण किया जा रहा है उनकी सूची संलग्न विवरण में दी गई है । परियोजनावार/खानवार बेशी कामगार अभी निर्दिष्ट नहीं किए गए हैं । किंतु यदि कुछ बेशी कामगार हुए भी तो उन्हें अन्यत्र फिर तैनात करके उनका उपयोग कर लिया जाएगा ।

विवरण

क्रम संख्या	नाम
1.	गेवरा ओपनकास्ट
2	कुसमुन्डा ओ. का.
3	भाट गांव भूमिगत
4	एन.सी.पी.एच. भूमिगत
5.	राजनगर भूमिगत
6	शिवपुरी ओ. का.
7.	पाली भूमिगत
8	गोविन्दा भूमिगत
9	विश्रामपुर ओ. का.
10	न्यू चचई भूमिगत
11	बालगी भूमिगत
12	राजगमार भूमिगत
13	अमलाई ओ.का.
14.	राजनगर ओ. का.
15	रामनगर भूमिगत
16	चरचा वेस्ट भूमिगत
17	बंगवार भूमिगत
18	झिपका ओ. का.
19	जमना भूमिगत
20	सरनी भूमिगत
21	टाडसी भूमिगत
22	नन्दन भूमिगत
23	छिन्दा भूमिगत
24	कोटमा भूमिगत
25	शोभापुर भूमिगत
26	अमलोरी ओ. का.
27.	जयन्त ओ.का.
28.	दूदीचुआ ओ. का.
29	भिंगूरदा ओ.का.
30.	निगाही ओ. का.

ओ. का.—ओपनकास्ट

Railway Mail Service

86. PROF. B. RAMACHANDRA RAO: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) when the Railway Mail Service was abolished;

(b) whether after abolition of this service, there has been considerable deterioration in the transmission of mail under the new alternate arrangement; and

(c) if so, what steps are being taken to ensure the delivery of letters the next day within a distance of 600 kms. and within 48 hours for distances beyond 600 kms.?